इस अवसर पर आर.एस. पब्लिक इंटर कालेज में तम्बाकू के दुष्परिणामों पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में विभागीय अधिकारियों एंव गणमान्य नागरिकों ने तम्बाकू के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी राम लोटन राजवंशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण प्रसाद खन्ना एंव जगवीर सिंह एडवोकेट मौजूद रहे। गोष्ठी में जिला मद्यनिषेध अधिकारी प्रकाश सिंह गावर एंव राजेन्द्र पाल सिंह, बृज मोहन, कृष्ण अवतार शर्मा प्रबन्धक आर.एस. पब्लिक इंटर कालेज, एस.एम.ए. हाशमी, रियासत हुसैन, प्रदीप गोयल, अख्तर हुसैन, कमर अब्बास नकवी आदि ने भाग लिया। सभी ने तम्बाकू से बनी चीजों जैसे गुटखा, सिगरेट व बीड़ी आदि के सेवन से मनुष्य के शरीर पर पड़ने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। क्षेत्रीय मद्यनिषेध एंव समाजोत्थान अधिकारी मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद रामलोटन राजवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं दूसरी ओर अनेक सार्वजनिक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हुए भी देखे गये। ऐसे लोग समाज और राष्ट्र के लिये शुभ संकेत नहीं है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों के लिये कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना नितान्त आवश्यक है, उसके लिये जन जागरूकता अभियान को और गति देने की आवश्यकता है।

मद्यनिषेध दिवस पर निकाली गयी रैली में शामिल लोग।

राष्ट्रीय सहारा
www.rashtriyasahara.com

पश्चिमी उत्तर प्रदेश

नई दिल्ली । मंगलवार • 1 जून • 2010

मुरादाबाद : तम्बाकू निषेध दिवस पर सोमवार को महानगर में पदयात्रा निकाल कर तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के प्रति जनजागरण का प्रयास किया गया। यह पहल भी मद्यनिषेध विभाग मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा मात्र औपचारिकता पूरी करने को की। कोई ठोस कार्यक्रम न कर, इसके दुष्प्रभावों के प्रति कोई जागरूकता पैदा करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह बात सर्वमान्य सत्य और वैज्ञानिक कसौटी पर परखी जा चुकी है कि तम्बाकू का प्रयोग किसी भी दृष्टि से सेहत के लिए ठीक नहीं है। सही मायनों में धुएं का एक-एक कश एक-एक पल मौत को करीब लाता है। मद्य निषेध विभाग मुरादाबाद तो दिवस मनाने की छोटी सी औपचारिकता निभाकर अलग जा बैठा है।

Scanned with CamScanner

4 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

पश्चिमी उत्तर प्रदेश

नई दिल्ली । मंगलवार • 1 जून • 2010

मुरादाबाद : तम्बाकू निषेध दिवस पर सोमवार को महानगर में पदयात्रा निकाल कर तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के प्रति जनजागरण का प्रयास किया गया। यह पहल भी मद्यनिषेध विभाग मुरादाबाद मंडल द्वारा मात्र औपचारिकता पूरी करने को की। कोई ठोस कार्यक्रम न कर, इसके दुष्प्रभावों के प्रति कोई जागरूकता पैदा करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह बात सर्वमान्य सत्य और वैज्ञानिक कसौटी पर परखी जा चुकी है कि तम्बाकू का प्रयोग किसी भी दृष्टि से सेहत के लिए ठीक नहीं है। सही मायनों में धुएं का एक-एक कश एक-एक पल मौत को करीब लाता है। मद्य निषेध विभाग मुरादाबाद तो दिवस मनाने की छोटी सी औपचारिकता निभाकर अलग जा बैठा है।

Scanned with CamScanner

जागरूकताः तंबाकू निषेध दिवस पर मुरादाबाद में सोमवार को रैली निकाली गई। दूसरी ओर गुटखा और सिगरेट की होली जलाकर जागरूक किया गया।

गुटखा, सिगरेट की जलाई होली

मुरादाबाद। राष्ट्रीय जनता दल ने विश्व तंबाकू रहित दिवस पर रेलवे स्टेशन के सामने मार्ग जाम कर गुटखा, सिगरेट तंबाकू आदि की होली जलाई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि गुटखा आदि के सेवन से मनुष्य को कैंसर जैसी प्राण घातक बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है। इस मौके पर वक्ताओं ने इनसे होने वाले खतरों की बाबत जानकारी दी।

उन्होंने आम जनता से ऐसे नशीले पदार्थों का सेवन न करने की अपील की। इस मौके पर राजद के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन करने वालों में रमा यादव, शांती देवी, मनीष तुरैहा, राजेंद्र बिश्नोई, राजेंद्र आर्य, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

कुलाधिपति, इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक प्रो.केके पांडेय, डेंटल कालेज के डायरेक्टर एसपी जैन ने छात्रों की प्रशंसा की। डा.अश्विनी चार्ट भी, डा.मोहित खन्ना, डा.रचित मेहरोत्रा ने सहयोग किया। अभिजीत, रोहित, श्वेता, अंकिता, अंकित, मलकीत, गरिमा आदि ने भाग लिया।

मद्यनिषेध विभाग के तत्वावधान में पदयात्रा निकाली गई। आरएस पब्लिक इंटर कालेज में गोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी रामलौटन रजवंशी ने की। मुख्य अतिथि लक्ष्मण प्रसाद खन्ना व जयवीर सिंह थे। प्रकाश सिंह गाबर, राजेंद्र पाल सिंह, बृजमोहन, कृष्ण अवतार शर्मा, एसएमए हाशमी, रियासत हुसैन, प्रदीप गोयल, अख्तर हुसैन, कमर अब्बास नकवी आदि ने भाग लिया।

शाह टाइम्स

मुरादाबाद समाचार

5

मुरादाबाद, सोमवार 31 मई 2010

संक्षिप्त समाचार

नशा मुक्ति केन्द्र पर बैठक का आयोजन

[illegible] केन्द्र पर [illegible] किया गया [illegible] को नशे से [illegible] बताये कुछ [illegible] नशा मुक्ति [illegible] कि दोपहर [illegible] का आयोजन [illegible] अतिथि श्री [illegible] मिटिंग का [illegible] ने किया मिटिंग [illegible] को नशे [illegible] उससे बचने के लिए [illegible] दिया गया नशे [illegible] नुकसानों को बताया गया [illegible] इस मिटिंग में नशे से [illegible] 50 मरीज उपस्थित थे [illegible] भाई ने बताया कि [illegible] पर [illegible] व्यक्तियों का [illegible] करते हैं।

गाजियाबाद, शुक्रवार 24 जुलाई , 2009
मेरठ, लखनऊ एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 से अधिक जनपदों से प्रसारित
स्थापित : 1944 वर्ष 1 अंक-273 RNI No. UPHIN/2008/28019
e-mail-dainik.prabhat@gmail.com पृष्ठ 8 (आठ) मूल्य : एक रूपया

नशे के प्रति जागरुकता जरूरी :प्रदीप

गाजियाबाद (प्रभात)। नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है। नशे के आदी लोगों को समाज घिनौनी नजरों से देखता है। नशा मुक्ति के क्षेत्र में एक विकल्प नामक संस्था पिछले 6 सालों से कार्य कर रही है। लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने हेतु इस संस्था ने एक अभियान चलाया है। जिसमें नशा करने से होने वाले नुकसान व मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। यह जानकारी सी.सी.ए.ए. ट्रस्ट के संस्थापक एवं निदेशक प्रदीप गोयल ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दी। प्रदीप गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में हरियाणा, पंजाब व एनसीआर सहित दिल्ली में नशे से संबंधित काफी कार्य किया जा चुका है। फिलहाल गाजियाबाद व मुरादाबाद में संस्था के सफल सेंटर चल रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा एवं राजस्थान में सेंटर खोलने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद सेंटर पर 33 और मुरादाबाद सेंटर पर 20 मरीजों का मानसिक, शारीरिक व अध्यात्मिक दृष्टि से मजबूत बनाकर नशेबाजों के सम्पूर्ण पुनर्वास के लिए समाज के साथ जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। गोयल ने बताया कि इसके लिए तीन से नौ माह तक का समय लगता है। नशा मुक्ति केन्द्र में मरीजों को नियमित व्यायाम, योग व अध्यात्मक के जरिये उनकी मानसिक दशा को बदलने की कोशिश की जा सकती है। शुरुआती समय में मरीजों का इलाज आयुर्वेदिक दवाईयों से किया जाता है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था अब तक 280 मरीजों का सफल इलाज कर समाज की धारा से जोड़ चुकी है। इसके लिए नशा छोड़ चुके अनुभवी लोगों व समाजसेवियों द्वारा संस्थान की देखरेख की जाती है। साथ ही अशिक्षित लोगों को शिक्षा देने का भी कार्य अनुभवी लोगों द्वारा किया जाता है। विकल्प संस्था का संचालन कर रहे नितिन गुप्ता ने बताया कि वह भी काफी सालों तक नशे के आदी रह चुके हैं। अब अपने अनुभवों के आधार पर लोगों को इस बीमारी से निजात दिलाने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। संस्था का एक संकल्प है कि नशे के आदी हो चुके लोगों को इससे बाहर निकाल कर नया जीवन जीने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर प्रदीप गोयल, दीपक मिश्रा, नितिन गुप्ता, मनीष अग्रवाल, जावेद खान आदि।

Scanned with CamScanner

गाजियाबाद, शुक्रवार 24 जुलाई , 2009

मेरठ, लखनऊ एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 से अधिक जनपदों से प्रसारित

स्थापित : 1944 वर्ष 1 अंक-273 RNI No. UPHIN/2008/28019

e-mail-dainik.prabhat@gmail.com पृष्ठ 8 (आठ) मूल्य : एक रुपया

जानकारी दे प्रदीप गोयल।

शुक्रवार
24 जुलाई 2009 | दैनिक युग करवट गाजियाबाद

5

हरसांव में पत्रकारों से बातचीत करते सीसीएए टूरिस्ट संस्था के पदाधिकारी।

Scanned with CamScanner

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2009 जागरण

नशा मुक्ति का लिया संकल्प

विकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की चौथी वर्षगांठ दिवस पर पत्रकारों से वार्ता करते संस्था के संस्थापक प्रदीप गोयल। जागरण

कहा, जल्द ही अन्य राज्यों में संचालित किया जाएगा

गाजियाबाद, जासंवें : नशे ने इस तरह आगोश में जकड़ा कि पूरा परिवार ही छिन्न भिन्न हो गया। जब नशा छूटा तो संकल्प लिया कि जीवन भर लोगों को नशे से छुटकारा दिलाने के लिए तत्पर रहूंगा। यह कहना था, विकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के संस्थापक प्रदीप गोयल का।

वृहस्पतिवार को गोयल ने विकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के चौथे स्थापना दिवस पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस समय केंद्र में प्रदेश के कई जिलों से आए 35 लोग नशे से दूर रहने के लिए स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

जल्द ही पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में नशा मुक्ति केंद्र संचालित किया जाएगा। इस दौरान वैज्ञानिक सतीश अग्रवाल, नितिन गुप्ता, दीपक मिश्रा, कांता रावत आदि उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

METRO

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2009
DLA

जहां भरा जाता है जीने का विश्वास

- हरसांव में चलाया जा रहा है संकल्प नशामुक्ति केंद्र
- सरकार की मदद बगैर चला रहे हैं नशा छोड़ने वाले

गाजियाबाद। एक विश्वास जीने के तरीके को बदल देता है और कभी कभी दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाता है। नशा किसी भी समाज के माथे पर कलंक के समान होता है और उसे करने वाले हर कलंक को और गाढ़ा करते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि पीने वाले के मन में कभी अपने इस कृत्य से घृणा नहीं जागती है। हरसांव में संकल्प नशामुक्ति केंद्र चलाने वाले प्रदीप गोयल की कहानी भी कुछ ऐसी है। नशे की लत में पड़कर सड़क पर पहुंचने वाले प्रदीप ने अपने एक साथी से प्रेरणा से न केवल नशे के जाल से खुद को बाहर निकाला, बल्कि समाज में गहरी जड़ें जमा चुकी इस सामाजिक समस्या को मिटाने का निर्णय भी कर लिया। सीसीएए ट्रस्ट के अंतर्गत नशामुक्ति केंद्र को आवासीय सुविधाओं के साथ शुरू करने की चौथी वर्षगांठ पर आयोजित प्रेसवार्ता में संस्था के निदेशक प्रदीप गोयल ने बताया कि इसकी शुरूआत उन्होंने 2001 में थी। पहले यहां केवल परामर्श और दवाएं दी जाती थीं, लेकिन 2005 से इसे आवासीय नशामुक्ति केंद्र बना दिया गया। इस समय केंद्र में 33 लोगों का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि नशा केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक बीमारी है। अब तक यहां से हजारों रोगी ठीक होकर समाज में अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पा चुके हैं। अब इस केंद्र की शाखाओं को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में खोलने की तैयारी चल रही है। हालांकि इस केंद्र को चलाने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिलती है। रोगियों से ली जाने वाली फीस के बल पर ही केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर नितिन गुप्ता और दीपक मौजूद रहे।

नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी देते प्रदीप गोयल, साथ में दीपक और नितिन।

Scanned with CamScanner

हमारा महानगर
नई दिल्ली, शनिवार 1 मई 2010
www.hamaramahanagar.com

नशा मुक्ति केंद्र ने मनाया रिकवरी दिवस

महानगर संवाददाता

गाजियाबाद

गुरुवार को नशे का विकल्प पैदा करने वाली संस्था सीसीएए ट्रस्ट द्वारा गांव हरसांव स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर रिकवरी डे मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक प्रदीप गोयल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति नशे की लत से परेशान रहता है। बस जरूरत है उसे सही राह दिखाकर दोबारा जीवन की मुख्यधारा में लाने की, और इसी का प्रयास करती है हमारी यह संस्था। गोयल ने बताया कि देश में हमारी चार संस्थाएं चल रही हैं। इनमें से एक संस्था गांव हरसांव में स्थित है। इस शाखा को चलाने वाले नितिन गुप्ता एक समय स्वयं नशे के बहुत बड़े आदी थे। तीन वर्ष पूर्व उनको हमारी संस्था में शराब छुड़वाने के लिए लाया गया था। संस्था के प्रयास से नितिन गुप्ता ने न सिर्फ शराब को छोड़ दिया बल्कि आज वह स्वयं भी संस्था का संचालन करके अनेक लोगों को शराब की इस बुरी लत से निकालने के प्रयास में लगे हुए हैं। आज का यह रिकवरी दिवस उनके द्वारा शराब को छोड़ने के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। वर्तमान में नितिन गुप्ता स्वयं नशा मुक्ति केंद्र में इंचार्ज की भूमिका निभा रहे हैं। संस्था द्वारा रिकवरी डे मनाए जाने के अवसर पर संस्था के निदेशक प्रदीप गोयल, दीपक मिश्रा, कांता रावत, विजय पाल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय आईना

नशा मुक्ति केन्द्र ने मनाया रिकवरी बर्थडे

संवाददाता

गाजियाबाद, 1 मई। इरसाद स्थित विकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में रिकवरी बर्थडे मनाया गया। नितिन गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के नशे की लत को छोड़े तीन साल पूरे करने पर उसका रिकवरी बर्थडे मनाया गया।

इस मौके पर नितिन गुप्ता ने नशा मुक्ति केन्द्र के अन्य मरीजों के साथ अपने अनुभव बांटे। नितिन नशा मुक्ति केन्द्र में इंचार्ज के तौर पर मरीजों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। रिकवरी बर्थडे के मौके पर संस्था के निदेशक प्रदीप गोयल, दीपक मिश्रा, कांता रावत, विजय पाल, आदि लोग मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय सहारा । 7

नई दिल्ली । शनिवार • 1 मई • 2010

फटाफट खबरें

गाजियाबाद/आसपास

धूमधाम से मना रिकवरी बर्थडे

गाजियाबाद। हरसांव स्थित विकल्प नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में नशे की लत से दूर हुए नितिन गुप्ता के नशा छोड़े तीन साल पूरा होने पर उनका रिकवरी बर्थडे धूमधाम से मनाया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने अपने अनुभवों को मरीजों के साथ बांटा।

Scanned with CamScanner

अमर उजाला नई दिल्ली, रविवार, 1 फरवरी, 2009

अनचाहे नशे की गर्त में जा रहे हैं टीनएजर्स!



मूड बदलने के लिए हो रहे आदी

मनोविशेषज्ञ डा. कुसुम गुप्ता और डा. केपी सक्सेना का कहना है कि नशा मूड बदलने के लिए अपना रहे हैं। दिमाग में चल रही उलझनों को भूलने के लिए, असफलता, पारिवारिक असंतोष, धोखा, अतृप्त इच्छाएं, अवसाद, तनाव आदि से बचने को नशे का प्रयोग सबसे ज्यादा युवाओं में बढ़ रहा है।

गाजियाबाद। कक्षा 11 की यशिका को लंच के बाद लड़खड़ाते देखकर शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल प्रबंधन के होश उड़ गए। आनन-फानन में चिकित्सक को बुलाया गया तो पता चला कि केमिस्ट्री की लैब में स्पिरिट और थिनर ज्यादा सूंघने से मस्तिष्क पर असर पड़ा है, जिससे उसे नशा का गया। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत लैब में मौजूद रसायनों की सुरक्षा और प्रयोग को लेकर एहतियात बरतनी शुरू कर दी।

यशिका की तरह कई ऐसे टीएनएजर्स हैं जो खुद को नशे की चपेट में आने से नहीं रोक पा रहे हैं। हायर एजूकेशन के साथ ही दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थी तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं। टीचर्स और अभिभावकों को इसकी भनक तक नहीं लगती और टीनएजर्स केमिकल्स के एडिक्ट हो रहे हैं। शहर में स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कराने वाले मरीजों में 100 में से 20 महिलाएं शामिल हैं।

गोविंदपुरम स्थिम नशा मुक्ति केंद्र में अब तक 200 से ज्यादा 15 से 40 आयु वर्ग के लोगों को नशे से दूर किया जा चुका है। लगभग 20 युवाओं को नशामुक्त करने की मुहिम जारी है।

नशा कैसा-कैसा...

नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र 'विकल्प' के संचालक प्रदीप गोयल की मानें तो बदलते समय में नशे के तरीके काफी तेजी से बदल रहे हैं। पुराने नशे के तरीकों जैसे शराब, स्मैक, चरस, गांजा, अफीम, भांग, कैप्सूल, इंजेक्शन, टिंचर, फ्लूड की आदत युवाओं, किशोरो में बढ़ रही है। ब्रेड स्लाइस पर आयोडेक्स, तंबाकू, शराब, गुटका, पान, खैनी, नींद की गोलियां, स्मैक, चरस, गांजा, अफीम, भांग, टाइपराइटर का फ्लूड, कफ सिरप, विक्स, अन्य तेज बाम, पेन किलर, पेट्रोल, आदि का प्रयोग करने में भी युवा पीछे नहीं हैं।

Scanned with CamScanner

हिन्दुस्तान गाजियाबाद, मंगलवार 27 जनवरी 2009

पुलिस लाइन में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

गाजियाबाद। विकल्प नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र द्वारा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण के साथ-साथ देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

Scanned with CamScanner

4 NBT Ghaziabad

आपका शहर

[illegible]

एनबीटी न्यूज गाजियाबाद : विकल्प नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। केंद्र से जुड़े सदस्यों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कल्चरल प्रोग्राम्स में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। नशा छोड़ चुके लोगों ने नशे से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद कमलेश यादव ने ध्वजारोहण से किया। नाटक की प्रस्तुति करने वालों में विशेष रूप से प्रकाश मुरसलिम, किशन, परवेज और मनोज शामिल रहे। भूतपूर्व पार्षद भूप सिंह ने भी नशा खत्म करने के लिए केंद्र के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र के संचालक प्रदीप गोयल, सतीश गोयल, नितिन गुप्ता, संदीप कपूर भी उपस्थित थे।

मंगलवार जनवरी 27 2009

गाज़ियाबाद, रविवार, 25 जनवरी 2009 (8)

दैनिक प्रभात

नशा मुक्ति केन्द्र पर सेमिनार आयोजित

गाजियाबाद (प्रभात)। प्रेस कांग्रेस ऑफ इंडिया व विकल्प नामक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति को लेकर एक सेमिनार आयोजित की गई। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित इस सेमिनार में लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस गोष्ठी में विकल्प संस्था के चेयरमैन प्रदीप गोयल ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जिसने मनुष्य का मान. सिक आर्थिक व शारीरिक शोषण के साथ-साथ सामाजिक पतन भी होता है. नशे की लत पड़ने पर मनुष्य की अच्छा बुरा सोचने की शक्ति खत्म हो जाती है। प्रेस कांग्रेस के प्रवक्ता विभू मिश्रा ने बताया कि नशा उन्मूलन 2009 की शुरुआत की दी गई है। इस अभियान में नशे के शिकार लोगों को उन लोगों के अनुभवों से अवगत कराया जाएगा जिनका जीवन नशे से बर्बाद हो चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी संस्था पूरे साल नुक्कड़ नाटक व रैलियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रेस कांग्रेस के अध्यक्ष वीके मिश्रा, दीपक मिश्रा, कुमुद मिश्रा व इंद्रप्रस्थ के डायरेक्टर एलआर कद्दू मौजूद रहे।

4 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 24 जनवरी, 2009

नशा मुक्ति अभियान से किया लोगों को जागरूक

साहिबाबाद, जासकें : नशा एक बीमारी है, इससे बचें। यह ऐसी बीमारी है जो मनुष्य को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से खोखला कर देती है। खुद के साथ ही परिवार के अन्य लोगों को भी नहीं छोड़ती। इससे सिवाय पतन के और कुछ नहीं मिलता। ऐसे वक्तव्य नशा उन्मूलन अभियान-2009 के तहत इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में रखे गए। यंग कांग्रेस ऑफ इंडिया तथा विकल्प (नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की खास बात यह रही कि नशे से मुक्ति पा चुके लोगों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। जिलाध्यक्ष विभू मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष भर चलेगा, जिसे पहले संस्थानों, फिर आरडब्ल्यूए, स्कूलों व सरकारी विभागों आदि पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नशा कैसी बीमारी, कैसे-कैसे नशे, नशे की आदत, नशा न मिलने पर व्यवहार व मुक्ति कैसे संभव आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर वीके मिश्रा, प्रदीप गोयल आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

अमर उजाला | नई दिल्ली, शनिवार, 24 जनवरी, 2009

नशे से मुक्ति पाने वालों ने बांटे अपने अनुभव

साइट चार। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को विकल्प नशा मुक्ति केंद्र और प्रेस कांग्रेस ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में नशा उन्मूलन अभियान-09 के अंतर्गत 'नशा एक बीमारी' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर नशे की लत से मुक्ति पाने वालों ने अपने अनुभव बांटे और बताया कि किस तरह उन्हें नशे की लत लगी और अब नशे से छुटकारा पाने के बाद कैसा महसूस करते हैं।

सेमिनार में नशा किस तरह की बीमारी है। कैसे कैसे नशे होते हैं। नशे की आदत कैसे लगती है। नशा नहीं मिलने पर क्या होता है। नशा बीमारी कैसे बनती है। इससे मुक्ति कैसे संभव है जैसे विषयों पर विचार रखे गए। इस मौके पर विकल्प संस्था के चेयरमैन प्रदीप गोयल पीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने मौजूद लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

आयोजन

इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित

सेमिनार में भाग लेने वाले अन्य लोगों में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी एचआर कपूर और संदीप अग्रवाल सहित पीसीआई के जिलाध्यक्ष विभू मिश्रा मौजूद रहे। अजय दुबे, सतीश अग्रवाल, नितिन गुप्ता, आनंद, राजेश और दिनेश ने शराब के नशे से मुक्ति पाने के बाद अपनी आपबीती सुनाई। इस मौके पर कुमुद मिश्रा, रामवीर, नितिन, आशु, जेके शर्मा, प्रदीप, पवन कपूर, जावेद खान आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

अमर उजाला
सोमवार 5 अगस्त

नशे के खतर बताए

रुद्रपुर। एनआइएसडी और सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नशे के कारण होने वाले घरेलू हिंसा व बढ़ते अपराध पर मंथन किया गया। रविवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी रिद्धिम अग्रवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराध व घरेलू हिंसा की रोकथाम को नशे पर रोक आवश्यक है। साथ ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा इस ओर किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। बाद में एसपीवाईएम के मनीष ने शराब एवं नशे के कारण हो रही क्षतियों व खतरे को कम करने व उनके निवारण के बारे में जानकारी दी। विकल्प नशा मुक्ति केंद्र गाजियाबाद के निदेशक प्रदीप गोयल व नवचेतना संस्थान नशा मुक्ति केंद्र के निदेशक सुखवीर सिंह ने शराब नशा व अपराध के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला। ब्यूरो

Scanned with CamScanner

पुलिस विभाग हुआ गंभीर

नशे के चंगुल से मुक्त कराए जाएंगे पुलिसकर्मी

जिला पुलिस विभाग ने अब गंभीरता से नशे में जकड़े हुए जवानों को उससे मुक्त करने का निर्णय लिया है।

शिवकुमार गौड़, सिरसा

नशे में धुत होकर पुलिस की नौकरी करने वाले कर्मचारियों को अब नशे से मुक्त किया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग ने जिले के सभी चिह्नित नशेड़ी कर्मचारियों को नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराने का निर्णय लिया है।

क्यों पड़ी जरूरत

जिला पुलिस के आला अधिकारियों के पास पुलिस कर्मचारियों द्वारा शराब के नशे में निरंतर जनता के संग दुर्व्यवहार किए जाने के मामले आने पर गंभीरता से इसे लागू करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इससे जहां एक ओर पुलिस कर्मी नशे की गर्त से मुक्त होंगे वहीं पुलिस की छवि में भी सुधार होगा। पुलिस विभाग ने इस मुहिम के चलते कुछ नशा करने वाले पुलिस कर्मचारियों की पहचान भी कर ली है और शेष की पहचान किए जाने का काम भी जारी है।

कैसे होंगे नशे से मुक्त

जिले के नशेड़ी पुलिस कर्मचारियों को नशे से मुक्त करवाने के लिए नशामुक्ति केंद्र का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए विभाग ने रानियां स्थित नशामुक्ति केंद्र के चेयरमैन राजेंद्र सिंह से संपर्क साध लिया है। इस केंद्र में शराबी पुलिस कर्मचारियों को तीन माह तक रखा जाएगा। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने इस योजना को बुधवार से ही हरी झंडी दे दी है। विभाग ने इस कड़ी में जिला भर से नशे में जकड़े 25 पुलिस कर्मचारियों को चिह्नित किया है। विभाग का मानना है कि ये पुलिस कर्मचारी ड्यूटी के दौरान भी शराब के नशे में रहते है और कई बार तो ये अपनी ड्यूटी करने मे भी सक्षम नहीं रह पाते।

पुलिस विभाग को पूरी तरह से नशामुक्त किया जाएगा ताकि जनता की ज्यादा से ज्यादा सेवा की जा सके। इसके लिए नशेड़ी कर्मचारियों की पहचान की जा रही है। ऐसे पुलिसकर्मियों को शराब की आदत छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भी भेजा जाएगा।

— विकास अरोड़ा, पुलिस अधीक्षक, सिरसा

Scanned with CamScanner

सिरसा भास्कर

हिसार, गुरुवार 28 फरवरी, 2008

डबवाली ■ ऐलनाबाद ■ रानियां ■ कालांवाली

25 पुलिसकर्मी शराबी

भास्कर न्यूज. सिरसा

आमजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे शराब के नशे में मिले तो फिर भगवान ही रखवाला है।

पुलिसकर्मियों में इस प्रकार की प्रवृत्ति बढ़ने से विभाग के आला अफसर खासा चिंतित नजर आने लगे है। इतना ही नहीं इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कारगर कदम भी उठाना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में बुधवार यहां के सामुदायिक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 25 नशेड़ी पुलिस कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें रानियां स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विकास अरोड़ा थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी मुख्यालय प्रताप सिंह यादव ने की।

नशा हर लिहाज से हानिकारक

एसपी विकास अरोड़ा ने पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे से शारीरिक, आर्थिक, मानसिक व सामाजिक हानि होती है। पुलिस को तो चौबीस घंटे जनता के बीच रहना होता है इसलिए पुलिस कर्मचारियों को सभी नशों से दूर रहकर ही अपने कर्त्तव्य को निभाना चाहिए। इस अवसर पर जिले के उन तमाम कर्मचारियों को यहां बुलाया गया था जो अपनी ड्यूटी टाइम में भी शराब के नशे में रहते है।

- पुलिसकर्मियों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने से विभाग के आला अफसर खासा चिंतित नजर आने लगे हैं।
- इस कड़ी में बुधवार यहां के सामुदायिक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 25 नशेड़ी पुलिस कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें रानियां स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने पर विचार-विमर्श किया गया।

इस प्रकार के पूरे जिले से 25 केस पाए गए है जिन्हें विभाग द्वारा रानियां स्थित अंग्रेज सिंह मेमोरियल समाज कल्याण समिति द्वारा विस्थापित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जाएगा। केंद्र के चेयरमैन राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि केंद्र में पिछले कई वर्षों से अनेक नशेड़ियों को नशे से मुक्ति दिलाई है। इस अवसर पर गाजियाबाद से आए कांउसलर प्रदीप सिंह गोयल ने भी नशे की हानियों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे मानसिक, आर्थिक व सामाजिक पतन होता है। कार्यक्रम में एएसपी सज्जन सिंह समेत अनेक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

दैनिक जागरण



नशा मुक्ति केंद्र भेजे जाएंगे पुलिसकर्मी

सिरसा, जागरण संवाददाता : नशे के आदी पुलिस कर्मचारियों को इस बुराई से दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन एक नई पहल कर रहा है। पुलिस कर्मचारियों का नशा छुड़ाए जाने के लिए उन्हें साधारण ड्यूटी से हटाकर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया जाएगा। नशा मुक्ति केंद्र में कर्मियों को भेजने का कार्य आज से शुरू हो गया है। नशे की लत के आदी कर्मचारियों से आज पुलिस अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रूबरू भी हुए। जानकारी के अनुसार सिरसा के पुलिस अधीक्षक ने शराब का अधिक सेवन करने वाले पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी में कोताह पाया है।

इसी के चलते पुलिस अधीक्षक ने पहले पुलिस कर्मचारियों का नशा छुड़ाए जाने का निर्णय लिया है और नशा कानूनी बाध्यता के दायरे में नहीं बल्कि काउंसलिंग की मदद से छुड़वाया जाएगा। रानियां में चल रहे सरदार अंग्रेज सिंह सिद्धू मेमोरियल समाज कल्याण समिति के नशा मुक्ति केंद्र में पुलिस कर्मचारियों को भर्ती करवाया जाना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि समिति की ओर से नशा छोड़े जाने के लिए तीन माह तक का कोर्स करवाया जा रहा है और इस कोर्स के बहुत ही अच्छे परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि यहां नशा छुड़ाए जाने के लिए व्यक्ति की आदत बदले जाने पर जोर दिया जा रहा है इसीलिए पुलिस कर्मचारियों को इसी केंद्र में भर्ती करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार उनके सामने शिकायत आती है कि पुलिस कर्मचारी नशे में था जो कि भविष्य में नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि नशे के आदी 10-10 पुलिस कर्मचारियों का बैच इसी केंद्र में भेजा जाएगा जहां उनकी नशे की आदत छुड़ाई जानी है। नशा मुक्ति केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि उनके यहां पचास आदमियों का इलाज एक साथ किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशे को किसी गोली या दवा के सहारे नहीं छोड़ा जा सकता बल्कि इसे छोड़ने के लिए आत्मविश्वास की जरूरत होती है।

उनका केंद्र शारीरिक थकावट दूर कर यही आत्मविश्वास शराबी के अंदर पैदा करता है। नशा मुक्ति केंद्र से जुड़े गाजियाबाद के सलाहकार प्रदीप गुप्ता कि उन्होंने दिल्ली में एक ऐसी संस्था बना रखी है जिसके सभी सदस्य शराब के नशे की गिरफ्त में रहे हैं लेकिन अब वे सभी नशे से घृणा करने लगे हैं न कि शराबी से। उन्होंने कहा कि किसी का नशा छुड़ाया जा सकता है चाहे वह कितना ही पुराना नशे का आदी क्यों न रहा हो।

Scanned with CamScanner

नशे से तौबा करेंगे पुलिस के जवान

20 पुलिस जवानों ने शराब पीने की बात कबूली

सिरसा, 27 फरवरी (ब्यूरो) : शराब पीने के आदी पुलिस जवानों को अब सुधारा जाएगा। पुलिस अधीक्षक के प्रयासों से ऐसे पुलिस जवानों को सुधारने की दिशा में कवायद भी शुरू कर दी गई है। इस कड़ी में आज पुलिस लाइन के सामुदायिक केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए और नशामुक्ति केंद्र रानियां के संचालक तथा गाजियाबाद से आए विशेषज्ञों ने नशा करने वाले पुलिस जवानों को प्रेरित किया। करीब 20 पुलिस जवानों ने शराब पीने की बात कही और कहा कि वे अब इस बुराई को त्यागना चाहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि नशा नाश की जड़ है और इससे जीवन बर्बाद हो जाता है। न केवल नशा करने वाला बर्बाद होता है, बल्कि उसका परिवार भी परेशानियों में रहता है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों का ड्यूटी के दौरान नशा करना अनुचित है। पुलिस जवानों को अपनी इस आदत को त्यागना चाहिए और निष्ठा से अपनी ड्यूटी करनी चाहिए। गाजियाबाद से आए प्रदीप गोयल व रानियां नशामुक्ति केंद्र के संचालक राजेंद्र सिद्ध ने अपने-अपने अनुभव बताए।

Scanned with CamScanner

From Addiction to De-addiction

Drug users are rarely thought of in a positive or empathic light. The very term 'drug user' provokes strong assumptions in our minds. We feel they are a 'menace' to family and society. This is not always true. With proper direction, constant support and self-effort they can be integrated into society.

ARCHANA

"Drugs cannot give you any thing, it takes away everything. Drugs control and destroy life and make you do things you would never dream of doing". These are the words of a recovering drug addict, a former sales executive, who was under the grip of multidrug abuse for almost 23 years. His story, in his own words.

My name is Pradeep Goel, aged 52 years, hailing from a well off family in Ghaziabad. Children of a Government officer; we had a pleasant life under the care of our doting mother. I have 2 brothers and 3 sisters, who are well settled abroad and India. I was educated at Bharatiya Vidya Bhawan, a well kno-wn English Medium school in Delhi. I could not continue my higher studies due to my drug habits. However, I was able to complete my graduation in Commerce and worked in Marketing for few years. I was a bright student who was always curious to know and experiment things. Perhaps this curiosity trapped me into drugs. Mine is a story worth sharing among the youth, especially who are into drugs and hoping to be free.

I was 11 years old, when I first tasted alcohol, offered by one of my best friends. I liked it and wished for more and had it whenever I got chances. It was at the age of 16 that I begun to experiment with drugs. One of my friends offered me a cigarette laced with charas, considering it macho to smoke; I liked the kick

Pradeep Goel

received instantly. Slowly I started consuming it on a regular basis then to several times a day; the high just wasn't the same. To supplement my resources, I used to pocket the money given for my traveling and I used to walk miles and miles.

When my family, relatives or friends used to forbid me I used to question them, 'If others can why can't I'? I went on... I wanted more. Since I did not want to depend on my friends for drugs I approached the agents, who provided them, so that I could directly buy them without any hassle of having middle men. Now the accessibility became easy, I could try other drugs, such as ganja, hash, brown sugar, opium, smack etc. I told about these to my friends and invited them to join me and the circle of drug users grew wider.

Now the slide down in my life began. My family members were in tears. I could not give my family support and happiness, all I gave them was sad days and tears. My studies got affected, attendance was short; I started losing my friends, family and relatives. I was out on the streets. Then one day, my right hand got paralyzed. No money, no house, no health. I was in total depression and felt powerless for the first time in my life. Only in desperation I seeks help. I began to knock at the doors of my friends, brothers and sisters, saying that I am willing to renounce drugs. They took me to various drug deaddiction centres such as Sen and Pandits in West Bengal, where my sister was residing. After a short stint there I was

Scanned with CamScanner

ARVIND JAIN

Making a mark

This Delhiite is an inspiration for all. After 20 years of drug addiction and gruelling years of rehab, **Pradeep Goyal**, 49, kicked the habit. Now the mild-mannered man, who once stole iron medians on highways to pay for his daily fix, is the project director of Kamkus Counselling, De-addiction and Rehabilitation Centre in Ghaziabad.

"As an addict at rehab I was among the lowest in society," said Goyal. "But today I feel I have come up in life. I understand the patients better as I know how an addict's mind works."

The work

Scanned with CamScanner

3 Months De-addiction training programme organized by Ministry of Social Justice & Empowerment

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

NATIONAL INSTITUTE OF SOCIAL DEFENCE
Ministry of Social Justice & Empowerment
Government of India

प्रमाण-पत्र
CERTIFICATE

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / ~~श्रीमती~~ / ~~कुमारी~~ प्रदीप गोयल ने नशामुक्ति परामर्श एवं पुनर्वास विषय पर राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा नई दिल्ली में दिनांक 17 अप्रैल से 14 जुलाई 2000 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

This is to certify that Mr. / ~~Mrs.~~ / ~~Miss~~ Pradeep Goyal *has successfully completed the Certificate Training Course on DE-ADDICTION COUNSELLING AND REHABILITATION organised by the National Institute of Social Defence from* 17th April 2000 *to* 14th July 2000 *at New Delhi*

दिनांक / Dated 14/07/2000

निदेशक
राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
Director
National Institute of Social Defence

Scanned with CamScanner

Certificate of the most famous and prestigious institute of India

HOSPITAL

T T Ranganathan Clinical Research Foundation (Regd)
17, IV Main Road, Indira Nagar, Chennai - 600 020 INDIA

CERTIFICATE

This is to certify that *Mr.Pradeep Goyal* attended a one month field training programme from 17 May to 17 June 2000, sponsored by National Institute of Social Defence, Government of India, New Delhi, organised by T T Ranganathan Clinical Research Foundation, Chennai 600 020

Shanthi Ranganathan
Honorary Secretary

21st June 2000

Scanned with CamScanner

5 Days training programme on client profiling and documentation organized by M.S.J.E.

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

NATIONAL INSTITUTE OF SOCIAL DEFENCE
Ministry of Social Justice & Empowerment
Government of India

सत्यमेव जयते

प्रमाण–पत्र
CERTIFICATE

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ....
ने .... विषय पर राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा
.... के सहयोग से दिनांक .... से .... तक
आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

This is to certify that Mr./Mrs./Miss ...Pradeep...Goyal...
has successfully completed the training course on Client...Profiling...and...Documentation.......................
(5 day training).......................... *organised by the National Institute of Social Defence in collaboration*
with Society for the Promotion of Youth and Masses *from* ......15th.......... *to* 19th Dec./03 *at* New Delhi........

प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक
Course Director
दिनांक/Date..............

SPYM
Delhi
SOCIETY FOR THE PROMOTION OF YOUTH & MASSES

(G.K. Dev Varma)
निदेशक / Director

Scanned with CamScanner

Given as appreciation for organizing and implementing successfully **AASRA'S T.C.** *Programme*

DELHI PRISONS ADMINISTRATION

TIHAR ASHRAM COMPLEX

CERTIFICATE OF RECOGNITION

This certificate is Awarded to Ms. Pradip Goyal

in appreciation of outstanding contribution & dedication for

running AASRA'S therapeutic community for drug addicts

I.G. (PRISONS) D.I.G. (PRISONS) R.M.O. SUPERINTENDENT

Scanned with CamScanner